# राशन कार्ड बनाने के लिए जारी हुआ शेड्यूल, 21 फरवरी सोमवार से भिलाई निगम लगाएगा शिविर, सभी जोन क्षेत्रों में लगेंगे कैंप, क्या होगी प्रक्रिया और क्या दस्तावेज लाने होंगे, इसकी रूपरेखा भी तय

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत एपीएल एवं बीपीएल परिवारों का राशनकार्ड बनाया जाएगा, इसके लिए नगर पालिक निगम भिलाई शिविर का आयोजन करने जा रहा है जिसमें छूटे हुए लोगों को राशन कार्ड बनाने एवं पेंडिंग राशन कार्ड का निराकरण कराने का मौका मिलेगा। इसके निर्देश निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सभी जोन आयुक्त को जारी कर दिए है। महापौर नीरज पाल ने शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने कहा है। निर्देश के परिपालन में शिविर सोमवार 21 फरवरी से सभी जोन क्षेत्रों में प्रारंभ होगा और 26 फरवरी तक शिविर आयोजित किया जाएगा। एपीएल राशन कार्ड बनाने के लिए हितग्राही को वोटर आईडी कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा, बीपीएल राशन कार्ड बनाने के लिए बैंक खाता, मजदूर कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र एवं दो फोटो लाना आवश्यक होगा।

इन तिथियों को लगेंगे इन क्षेत्रों में शिविर नेहरू नगर जोन क्षेत्र की बात करें तो 21 फरवरी को वार्ड 1 जुनवानी के सांस्कृतिक भवन बाजार चौक खमरिया में , वार्ड 2 स्मृति नगर वार्ड के सोसाइटी कार्यालय में, वार्ड 3 मॉडल टाउन वार्ड के सांस्कृतिक मंच कोसानगर में , 22 फरवरी को वार्ड 4 नेहरू नगर के सियान सदन नेहरू नगर में, वार्ड क्रमांक 5 कोसानगर के सामुदायिक भवन कोसानगर में, वार्ड क्रमांक 6 प्रियदर्शनी परिसर के लोही पेट्रोल पंप के पास सतनाम भवन में , 23 फरवरी को वार्ड क्रमांक 7 राधिका नगर के सियान सदन राधिका नगर में , वार्ड क्रमांक 8 कृष्णा नगर के हनुमान मंदिर के पास मंच में, वार्ड क्रमांक 9 राजीव नगर सुपेला के राजीव चौक मंच में, 24 फरवरी को वार्ड क्रमांक 10 लक्ष्मी नगर सुपेला के मछली मार्केट के पीछे मंच में , वार्ड क्रमांक 11 फरीदनगर के सियान सदन कोहका टाटा लाइन में, वार्ड क्रमांक 12 रानी अवंती बाई के व्यामशाला कोहका में , 25 फरवरी को वार्ड क्रमांक 13 पुरानी बस्ती कोहका के मंगल बाजार के पास भवन में , वार्ड क्रमांक 17 नेहरू भवन सुपेला में, वार्ड क्रमांक 18 कांट्रैक्टर कॉलोनी के आमोद भवन सुपेला में। वैशाली नगर जोन क्षेत्र के लिए 21 फरवरी को वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर के दशहरे मैदान शेड में , वार्ड क्रमांक 15 अंबेडकर नगर के सांस्कृतिक भवन अंबेडकर चौक में, वार्ड क्रमांक 16 सुपेला बाजार के सामुदायिक भवन दुबे पशु आहार के सामने, 22 फरवरी को वार्ड क्रमांक 19 राजीव नगर के वार्ड कार्यालय राजीव नगर में , वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर के सांस्कृतिक भवन में , वार्ड क्रमांक 21 कैलाश नगर के सियान सदन कैलाश नगर में, 23 फरवरी को वार्ड क्रमांक 22 कुरूद बस्ती बाजार चौक सांस्कृतिक मंच में , वार्ड क्रमांक 23 घासीदास नगर के दुर्गा मंच में , वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड के सियान सदन में , दिनांक 24 फरवरी को वार्ड क्रमांक 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड के दुर्गा मंच के पीछे सामुदायिक भवन में , वार्ड क्रमांक 26 रामनगर के कर्मा भवन में , वार्ड क्रमांक 27 शास्त्री नगर के तीन दर्शन मंदिर के पास मंच में , 25

फरवरी को वार्ड 28 प्रेम नगर के चैता मैदान सामुदायिक भवन में, वार्ड 29 वृंदा नगर के वार्ड कार्यालय में। मदर टैरेसा नगर क्षेत्र के लिए दिनांक 21 फरवरी को वार्ड 30 प्रगति नगर के कैंप एक पानी टंकी स्वास्थ्य कार्यालय में, वार्ड क्रमांक 31 मदर टैरेसा नगर के सामुदायिक भवन के गुरुद्वारा के पीछे कैंप 1 में, 22 फरवरी को वार्ड क्रमांक 32 बैकुंठ धाम सुंदरनगर के बैकुंठ धाम स्वास्थ्य विभाग के समीप में, वार्ड क्रमांक 33 संतोषी पारा कैंप 2 के वार्ड कार्यालय में , 23 फरवरी को वार्ड क्रमांक 34 वीर शिवाजी वार्ड के दुर्गा मंच शर्मा कॉलोनी में , वार्ड क्रमांक 35 शारदा पारा के सांस्कृतिक भवन दुर्गा पारा के कैंप 2 में, 24 फरवरी को वार्ड क्रमांक 36 श्याम नगर के महामाया मंदिर परिसर श्याम नगर कैंप 2 में, वार्ड क्रमांक 37 संत रविदास नगर के संत रविदास भवन चटाई क्वार्टर कैंप 2 में, 25 फरवरी को सेक्टर 3 वार्ड क्रमांक 52 शिव मंदिर सेक्टर 3 में, वार्ड क्रमांक 53 सेक्टर 1 उत्तर मानस भवन सेक्टर 1 में, 26 फरवरी को वार्ड क्रमांक 54 सेक्टर 1 दक्षिण गणेश मंच सड़क 26 में, वार्ड क्रमांक 55 सेक्टर 2 पूर्व हनुमान मंदिर परिसर में एवं वार्ड क्रमांक 56 सेक्टर 2 पश्चिम शिव मंदिर सड़क 15 सेक्टर 2 के परिसर में। शिवाजी नगर जोन क्षेत्र के लिए 21 फरवरी को वार्ड क्रमांक 38 सोनिया गांधी नगर एवं वार्ड क्रमांक 39 चंद्रशेखर आजाद नगर के लिए शिवालय प्रांगण में , वार्ड क्रमांक 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी के लिए मंगल बाजार छावनी में , वार्ड क्रमांक 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी के लिए मंगल बाजार छावनी में , 22 फरवरी को वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर, वार्ड क्रमांक 43 बापू नगर एवं वार्ड क्रमांक 44 लक्ष्मीनारायण नगर के लिए जलाराम मंदिर में , 23 फरवरी को वार्ड क्रमांक 45 बालाजी नगर, वार्ड क्रमांक 49 सुभाष मार्केट खुर्सीपार एवं वार्ड क्रमांक 50 शास्त्री नगर के लिए श्री राम चौक मैदान में, 24 फरवरी को वार्ड क्रमांक 46 दुर्गा मंदिर के लिए कबीर मंदिर में , 25 फरवरी को वार्ड क्रमांक 47 राधा कृष्ण मंदिर एवं वार्ड क्रमांक 48 जोन 3 खुर्सीपार के लिए पंप हाउस ग्राउंड में , 26 फरवरी को वार्ड क्रमांक 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर के लिए जोन कार्यालय शिवाजी नगर में।

जोन क्रमांक 5 सेक्टर 6 क्षेत्र के लिए 21 फरवरी को वार्ड क्रमांक 57 सेक्टर 4 पूर्व के लिए सड़क 14 के सामने मंच, वार्ड क्रमांक 58 सेक्टर 4 पश्चिम के लिए सड़क 29 एवं 30 के बीच मंच में , वार्ड क्रमांक 61 सेक्टर 6 पूर्व के लिए समीपस्थ नगर निगम कार्यालय में , 22 फरवरी को वार्ड क्रमांक 59 सेक्टर 5 पूर्व के लिए सड़क 12 एवं 13 के बीच मंच में , वार्ड क्रमांक 60 सेक्टर 5 पश्चिम के लिए सत् विजय ऑडिटोरियम में, वार्ड क्रमांक 62 सेक्टर 6 मध्य के लिए ई मार्केट के सामने मंच में , 23 फरवरी को वार्ड क्रमांक 63 सेक्टर 6 पश्चिम के लिए ई मार्केट के सामने मंच में , वार्ड क्रमांक 66 सेक्टर 7 पूर्व के लिए सड़क तीन एवं चार के बीच मंच में , वार्ड क्रमांक 68 सेक्टर 8 के लिए बी एन एस स्कूल में , 24 फरवरी को वार्ड क्रमांक 66 सेक्टर 10 गुड़िया मंच में, वार्ड क्रमांक 67 सेक्टर 7 पश्चिम के रेलवे स्टेशन बस्ती में, वार्ड क्रमांक 69 सेक्टर 9 हॉस्पिटल सेक्टर के लिए वरिष्ठ नागरिक मंच में , 25 फरवरी को वार्ड क्रमांक 64 सिविक सेंटर के लिए सड़क 11 एवं 12 के बीच मंच में, 26 फरवरी को वार्ड क्रमांक 70 शहीद कौशल यादव हुडको वार्ड के लिए सियान सदन हुडको में शिविर आयोजित किया जाएगा।